**प्रेस विज्ञप्ति**

**राज भवन, राँची**

**दिनांक : 25 मई, 2025 :-**

(1) माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार आज माननीय लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला के साथ रांची स्थित माननीय रक्षा राज्य मंत्री श्री संजय सेठ के आवास पर गए। इस अवसर पर माननीय मंत्री के परिवारजनों, शहर के गणमान्य नागरिकों एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा दोनों विशिष्ट अतिथियों का आत्मीय स्वागत व अभिनंदन किया गया।

(2) माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार ने आज पूर्व सांसद डॉ० यदुनाथ पाण्डेय द्वारा लिखित पुस्तक 'A Hand Book Of Anthropological Thought' का राज भवन में विमोचन किया। राज्यपाल महोदय ने डॉ० पाण्डेय को पुस्तक के लेखन हेतु बधाई व शुभकामनाएँ दीं।

उक्त अवसर पुस्तक के लेखक डॉ० यदुनाथ पाण्डेय ने कहा कि इस पुस्तक में कुल 24 अध्याय के अतिरिक्त Growth of Indian Anthropological एवं प्रश्नोत्तर खंड भी सम्मिलित हैं, जो विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों के लिए उपयोगी सिद्ध होंगे।

---

(3) माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार से आज झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के एक शिष्टमंडल ने राज भवन में भेंट की तथा राज्यपाल महोदय को एक ज्ञापन समर्पित किया।

ज्ञापन में शिष्टमंडल द्वारा आगामी जनगणना प्रपत्र में "सरना धर्म कोड" के लिए पृथक कॉलम जोड़ने हेतु पहल करने का आग्रह किया।